# प्रेस नोट

## जनपद सीतापुर

# 25,000/- रुपये का इनामिया गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अपराधी गिरफ्तार, अवैध शस्त्र बरामद

**दिनांक-09.08.2026**

पुलिस अधीक्षक श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद सीतापुर में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही एवम् वांछितों की गिरफ्तारारी हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 09.08.2026 को क्षेत्राधिकारी सिधौली श्री विशाल गुप्ता के नेतृत्व में थाना अटरिया पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 91/24 धारा 2(b)(i)/3(i) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट में वांछित ₹ 25,000/- रुपये के इनामिया अपराधी लाल बिहारी पुत्र लक्ष्मिन निवासी ग्राम सघनपुर मजरा छावन थाना अटरिया जनपद सीतापुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्त विगत एक वर्ष से वांछित चल रहा था, जिसकी शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु **पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 25,000/-रुपये का इनाम घोषित किया गया था**। अभियुक्त लाल बिहारी उपरोक्त के पास से 01 अदद नाजायज तमन्चा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी/नकबजनी/अवैध शस्त्र रखने जैसे आपराधिक कृत्य में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त उपरोक्त द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। बरामदगी के आधारा पर गिरफ्तार अभियुक्त लाल बिहारी उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 192/26 धारा 25(1-B) A ACT पंजीकृत कर चालान मा.न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर इसी प्रकार चलती रहेगी।

**अभियुक्त का नाम/पता**- लाल बिहारी पुत्र लक्ष्मिन निवासी ग्राम सघनपुर मजरा छावन थाना अटरिया जनपद सीतापुर

**अनावरित/पंजीकृत अभियोग**- मु0अ0सं0 91/24 धारा 2(b)(i)/3(i) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट थाना अटरिया व पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 192/26 धारा 25(1-B) A ACT थाना अटरिया सीतापुर

**बरामदगी:-** 01 अदद नाजायज तमन्चा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

**पुलिस टीम- -** थानाध्यक्ष श्री लाल बहादूर मिश्रा, वरि0 उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद, का0 हरिकेश सिंह, रि0का0 सतेन्द्र कुमार

**आपराधिक इतिहास अभि0 लाल बिहारी उपरोक्त-**

| क्र0सं0 | मु0अ0सं0 | धारा | थाना |
|---|---|---|---|
| 1 | 11/2019 | 457/380 भादवि | अटरिया |
| 2 | 118/2019 | 457/380/411 भादवि | अटरिया |
| 3 | 91/2024 | 2(b)(i)/3(i) गैंगस्टर अधिनियम | अटरिया |
| 4 | 192/2026 | 25(1-बी) आयुध अधिनियम | अटरिया |




---------------------0----------------